# उच्च न्यायालय के हैरिटेज परिसर में पौधारोपण किया

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन के तत्वावधान में रविवार को उच्च न्यायालय के हैरिटेज परिसर में पौधारोपण किया गया।

एसोसियेशन के उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच ने बताया कि आज प्रात 9.45 बजे उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने की। पौधारोपण में भारी संख्या में अधिवक्ताओं द्वारा चारो ओपन ऐयर चैम्बर्स के आगे पौधारोपण किया गया। पीपल, नीम, अशोक सहित विभिन्न प्रकार के लगभग 50 पौधों का पौधारोपण किया एवं स्वच्छ पर्यावरण को बनाये रखने संकल्प लिया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने मुख्य अतिथि न्यायाधिपति कुलदीप माथुर का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने एसोसियेशन के द्वारा किये गये



राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन के तत्वावधान में हैरिटेज परिसर में पौधारोपण किया।

पौधारोपण के पुनित कार्य की संराहना की व आगे भी इस कंम को जारी रखने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि वृक्षों का न केवल मानव जीवन बल्कि जितने भी पशु पक्षी हैं उनके लिए भी अहम हैं क्योकि कई पक्षी पेडों को अपने घर के तौर पर उपयोग करते हैं व पशु वृक्षों की छाया में अपना जीवन व्यतित करते हैं। पौधारोपण कार्यकम के पश्चात एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि न्यायाधिपति कुलदीप माथुर व बार कौसिल आफ राजस्थान के सदस्य नवरंगसिंह चौधरी को स्मृति चिन्ह भेट किये गये। पौधारोपण कार्यकम में एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच, महासचिव शिवलाल बरवड़, सहसचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव कांता राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष विमल कुमार माहेश्वरी, दिनेश शर्मा, श्यामसिंह गादेरी, तपेश सेन, बालकिशन, कपिल बोहरा, बुधाराम चौधरी, हरीराम विश्नोई, पुखराज विश्नोई, सुरेन्द्रसिंह गागुडा, अनिलसिंह देवडा, भीमाराम, भगत दाधीच कीर्ति सोनी सहित कई जने उपस्थित रहे।

## ईशा देओल जोधपुर पहुंची

**जोधपुर**, (कासं)। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल आज जोधपुर पहुंची।

ईशा यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की। ईशा ने कहा कि जोधपुर आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा।

जोधपुर में हुई अपनी फिल्मों की शूटिंग को याद करते हुए बताया कि जोधपुर बहुत ही अच्छा लगता है। उन्होंने ऊंट दौड़ में भी हिस्सा लिया था जहां से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। ईशा के साथ ही एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे, राहुल देव भी जोधपुर पहुंचे।

बता दें कि ईशा देओल जोधपुर में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आई हैं। इधर, बॉलीवुड सिलेब के एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रसंशक भी उनकी एक झलक पाने के लिए पहुंचे।

यहां एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही प्रसंशको की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ईशा ने भी उन्हें निराश नहीं किया और उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई। कई फैंस ने उन्हें बुके देकर जोधपुर पहुंचने पर अभिनंदन किया।

एयरपोर्ट से ईशा सीधे कार्यक्रम के लिए निकल गई। गौरतलब है कि ईशा फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र तथा हेमा मालिनी की पुत्री है।

# जीनगर समाज के पदाधिकारियों का स्वागत



जोधपुर में जीनगर समाज संयुक्त महासभा के चुनाव में विजय उम्मीदवारों का सम्मान किया।

**जोधपुर**, (कासं)। जीनगर समाज संयुक्त महासभा के चुनाव में विजय उम्मीदवारों को प्रतापनगर हनुमान शानि धाम पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जानकीदास चौहान, महासचिव नेमीचंद जीनगर तथा लता चौहान कोषाध्यक्ष का माल साफा व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में समाज के कई बंधु सम्मिलित हुए हैं। जिसमें डॉक्टर धनपत गुर्जर, पूनम चंद डाबी, नरेन्द्र सांखला, अशोक कुमार सोनगरा, विनोद चौहान, अचलदास, भोमाराम, टीकम सांखला, शांति देवी, मीनाक्षी डाबी, राजेंद्र पंवार आदि उपस्थित हुए। समारोह को राजेंद्र पवार द्वारा संचालन किया गया। सभी का गोपाल महाराज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मेघवाल सेवा समिति की कार्यकारिणी का विस्तार



माण्डवला में मेघवाल सेवा समिति की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मेघवाल समाज सेवा समिति 13 गांव परगना की बैठक का आयोजन रविवार को बाबा रामदेव मन्दिर माण्डवला में किया गया।

इस दौरान पदेन अध्यक्ष छगनलाल सांफाडा की अध्यक्षता में सर्वसहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुरेश कुमार विराश मांडवला को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार व कृष्ण कुमार को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सचिव पद के लिए भरत कुमार विराश एवं सह सचिव राजाराम वही कोषाध्यक्ष के पद पर अर्जुन कुमार और पारस मेघवाल को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार से प्रवक्ता अजय चौहान को बनाया गया।

वहीं विधि सलाहकार के पद पर रूपेश बोकडा, भगाराम परिहार, पारस कुमार, संगठन मंत्री के पद भैराराम मांडवला, रमेश कुमार, भगराज बिशनगढ, चेतन धवल, मालाराम केशवना, सुनिल मुडी को नियुक्त किया गया। इस दौरान भरत कुमार विराश ने अपने पिता तेजाराम विराश की स्मृति में समिति को 11 हजार रूपये का चैक भेंट किया।

इस मौके पर पूर्व सचिव रमेश कुमार, भरत गहलोत बिशनगढ, पपाराम, मोहनलाल, जयंतीलाल गेहलोत बिशनगढ, गमसा विराश, जयंती लाल विराश, दिनेश कुमार, महेंद्र विराश, दीपाराम, अचलाराम मोहन, सोहनजी लाल, दीपा राम सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

## नवनिर्मित मूर्तियों की हुई प्रतिष्ठा

**बालोतरा**, (निसं)। जोगमाया पंच धाम सेवा समिति के तत्वावधान मे शहर के जेरला रोड चौराहे पर नवनिर्मित गणपति,जोगमाया, शिव परिवार, राम दरबार, रामदेवजी, गोगाजी एवं हनुमानजी मूर्तियों की भव्याति भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ गोविंद रामजी की बगेची समदडी गादीपति महंत नरसिंग दास महाराज, परेऊ मठ के मठाधीश ओंकार भारती महाराज, वैरागी सन्त सजनी बाईजी सहित साधु संतों के सानिध्य में किया गया।

सेवा समिति के अध्यक्ष बालक राम सुथार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में नवनिर्मित गणपति, जोगमाया, शिव परिवार,राम दरबार, रामदेवजी एवं हनुमानजी मूर्तियों की शुभ मुहूर्त में बोलीदाता परिवार द्वारा पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया।वही मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवारों द्वारा कलश स्थापना व ध्वजा चढ़ाई गई। उसके बाद महाआरती कर प्रसादी का भोग लगाकर महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की। समिति अध्यक्ष बालकराम सुथार ने बताया कि जोगमाया पंचधाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार रात्रि को मंदिर परिसर के समीप विशाल भजन का आयोजन किया गया।

# विहिप, बजरंग दल ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



पाली में सूरजपोल पर विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंका। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। संसद के मानसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिन्दू को हिंसक कहने तथा हिन्दू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के विरोध में पाली नगर के सूरजपोल पर विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध जताया।

बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक किशन प्रजापत ने बताया कि विगत लंबे समय से राहुल गांधी द्वारा हिन्दू समाज, संस्कृति व परम्पराओं के विरोध में अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। कभी मन्दिर, कभी धार्मिक शक्ति तो कभी आस्था को लेकर उसके प्रलाप होते रहते है। ये चुनावी हिन्दू चुनाव में स्वयं को शुद्ध हिन्दू घोषित करते है तथा संसद में जाते ही अपने वास्तविक स्वरूप में आ जाते है और कांग्रेस की स्थापित परम्परा को अपना कर हिन्दू समाज पर अनर्गल बयानबाजी करते है। इस बार सम्पूर्ण विश्व को परिवार मानने वाले, प्राणी मात्र का पालन पोषण करने वाले चींटी से लेकर हाथी पर करुणा का भाव रखने वाले सनातन हिन्दू समाज को हिंसक कहा है जो अमान्य व अस्वीकार्य है। मेधराज बम्ब ने चेतावनी देते हुए कहा कि हिन्दू समाज की सहनशीलता की परीक्षा न ली जाए हर बात की एक सीमा होती है, हमारी सहनशीलता हमारी कमजोरी नहीं है।

इससे पूर्व सूरजपोल पर बजरंग दल सहित विविध धार्मिक सामाजिक संगठनों ने राहुल गांधी के विरुद्ध नारेबाजी कर उसका पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्याप्त किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक नेमीचंद अखावत विभाग कार्यवाह भुवन दवे, महावीर सालेचा , अनिल भंडारी , विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी जिला अध्यक्ष नरेंद्र मच्छर विजय राज सोनी, भीमराज चौधरी, परमेश्वर पाइसवा, कैलाश कुमावत, जगदीश सिंह गुरडाई,बाबूलाल कुमावत, बिशन सिंह ,रवि चौहान, प्रवीण सोनी ,दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका विनीता तनवानी, संतोष वैष्णव , नगर परिषद सभापति रेखा भाटी विभिन्न समाज के सुरेश सराफ, प्रदीप दवे, जयशंकर त्रिवेदी, दीपक शर्मा, राकेश भाटी, सुनील भंडारी, रामकिशोर साबु सहित कई जने उपस्थित थे।

## मौसमी बीमारियों के लिए सर्वे टीमों का गठन किया

**बालोतरा**, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मौसमी बीमारियों पर रोकथाम का प्रभावी प्रबंधन किया जाए। इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहे। सीएमएचओ ने बताया कि अन्तर्विभागीय समन्वय करते हुए बचाव एवं नियंत्रण के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात के द्वारा शहरी क्षेत्रों में 52 टीमों का गठन किया गया और वो टीमें घर घर सर्वे का कार्य शहरी क्षेत्रों में करेगी व उप जिला अस्पताल सिवाना प्रभारी डॉ. देवराज के द्वारा 30 टीमों का गठन किया गया है।, वह टीमें घर घर सर्वे का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि ओडीके एप द्वारा मौसमी बीमारियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के नवाचार को और सुदढ़ किया जायेगा। शहरी क्षेत्रों में फोगिंग कार्य नगर परिषद के द्वारा किया जायेगा।डेंगू, मलेरिया पर नियंत्रण की स्थिति गत वर्ष से बेहतर है, लेकिन मानसून को देखते हुए सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानसून में जल स्त्रोतों की संख्या में वृद्धि होने से मच्छर का प्रजनन अधिक होता है। साथ ही, भारत सरकार एवं जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चक्रीय पैटर्न के दृष्टिगत इस वर्ष देश में मच्छर जनित रोगों के अधिक प्रसार की सम्भावना व्यक्त की है। बचाव एवं नियंत्रण की वांछित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक पर बल दिया। मौसमी बीमारियों की जिला स्तर की रिपोर्टिंग का मूल्यांकन कर फीडबैक एवं सुधार के उपाय हेतु निर्देशित किया।

## आयुर्वेद वि.वि. में प्रबंध मंडल की बैठक आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक का आयोजन हुआ।

प्रबंध मंडल की बैठक में 16 जुलाई को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दी जाने वाली डिग्रियों का अनुमोदन किया गया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत विधायक पब्बा राम बिश्नोई और शहर विधायक अतुल भंसाली उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त राज्यपाल द्वारा मनोनीत प्रोफेसर वैद्य कमलेश कुमार शर्मा, आयुर्वेद संकाय के डीन प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा,यूनानी संकाय के डीन प्रोफेसर आजम अंसारी ,होम्योपैथी संकाय के डीन प्रोफेसर पंकज शर्मा ,योग नेचुरोपैथी संकाय के डीन प्रोफेसर एकलव्य बोहरा, आयुर्वेद निदेशक डॉक्टर आनंद शर्मा ,मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के प्राचार्य प्रोफेसर महेश दीक्षित, पीजीआईए महाविद्यालय के प्रोफेसर चंदन सिंह ,डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक जनरल (आयुष) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय नई दिल्ली के डॉक्टर ए रघु उपस्थित रहे। प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला ने माननीय कुलपति प्रोफेसर प्रजापति , माननीय विधायक महोदय ,सभी संकायों के डीन ,अन्य महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संकाय महानुभावों का अभिनंदन स्वागत किया।उन्होंने बताया कि 16 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में होने जा रहा है। इस समारोह में आयुर्वेद ,होम्योपैथी, यूनानी ,योग नेचूरोपैथी ,बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को दी जाने वाली डिग्रियों का प्रबंध मंडल की बैठक में अनुमोदन किया गया।

# मुमुक्षु दीक्षार्थी लोकेश चोपड़ा का अभिनंदन



मुमुक्षु दीक्षार्थी लोकेश चोपडा का पैतृक गांव जिनजिनयाला कला में अभिनंदन किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। संयम यात्रा की पथिक, मोक्ष मार्ग की अनुपम साधक, जिनशासन गौरव मुमुक्षु लोकेश चोपडा एवं वर्षा चोपडा वर्तमान निवासी सिंधखेडा (महाराष्ट्र ) मूल रूप से मारवाड में जिनजिनयाला कला बालेसर (जोधपुर) जिनकी जैन भागवती दीक्षा 28 जुलाई को आचार्य भगवन रामेश के मुखरविंद से भीलवाडा में होना तय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मुमुक्षु दीक्षार्थी भाई लोकेश चोपडा का पैतृक गांव जिनजिनयाला कला में परिवारजनों के साथ कुछ पल बिताने का अवसर मिला और मुमुक्षु भाई लोकेश चोपडा का श्री जैन संघ तथा परिवारजनों द्वारा श्रीफल से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर लोकेश के चाचा कमलेश चोपडा, माता, बहन, भानेजे, भांजी ओर जोधपुर से आए गुरु भक्त साधुमार्गी जैन संघ के अनेक पदों को सुशोभित कर रहे राकेश चोपडा का भी स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## पाली में भगवान जगन्नाथ की यात्रा रवाना हुई

■ धान मंडी मंदिर से यात्रा शुरू हुई

**पाली**, (नि.सं.)। पुरी जगतनाथ मंदिर की तर्ज पर पाली में पिछले 350 सौ सालो से परंपरागत भगवान जगन्नाथ की यात्रा हर वर्ष की तरह इस बार भी शाम 7:00 बजे धान मंडी स्थित जगदीश भगवान के मंदिर से बैंड बाजा के साथ धूमधाम से रवाना हुई।

पाली में अग्रवाल पंचायत की ओर से भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है। शाम 7:30 बजे भगवान की आरती के बाद जयकारों के साथ रथ रवाना हुआ जिसे श्रद्धालु खींच रहे थे।

मानो सच में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान थी। धान मंडी से घी का झंडा पटवा बाजार होते हुए सर्राफा बाजार अपने मौसी के घर पहुंचा। जहां से सोमवार को शाम को रवाना होकर पानी दरवाजा गोपीनाथ जी मंदिर अपने ननिहाल पहुंचेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अरुण गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, वेद प्रकाश गोयल, अनिल गुप्ता, जय किशन बजाज सहित समाज बंधु मौजूद थे।

# राजपूत शिक्षा कोष ने प्रतिभाओं को हौंसला दिया



जोधपुर के हनवन्त गार्डन में राजपूत प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में प्रतिभाओं को चैक वितरण किया।

**जोधपुर** , (का.सं.)। शिक्षा समाज के उत्थान का माध्यम है इसलिए समाज के अन्तिम छोर पर बैठा जरूरतमन्द प्रतिभावान छात्र अर्थ अभाव से पिछड़ नहीं जाये। इसलिए राजपूत शिक्षा कोष कक्षा 6.7.8.9 की प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कर उनकी अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करता है। जिससे समाज की रीढ़ मजबूत हो सके। यह विचार हनवन्त गार्डन में आयोजित राजपूत प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में चैक वितरण के दौरान पद्मश्री पद्मभूषण डॉ. नारायणसिंह माणकलाव पूर्व सांसद ने व्यक्त किये।

संस्था के सचिव श्यामसिंह सजाड़ा ने बताया कि जोधपुर सम्भाग के जोधपुर, पाली, नागौर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर, सिरोही, बालोतरा, फलोदी जिलों से 2024 की राजपूत प्रतिभा खोज परीक्षा से चयनित 50 प्रतिभाओं एवं पूर्व में अध्ययनरत 30 प्रतिभाओं को चैक वितरण कर सम्बल प्रदान किया। समारोह के दौरान इन सभी जिलों में परीक्षा के पर्यवेक्षक प्रभारी एवं जिला संयोजकों को समारोह में सम्मानित किया।

समारोह में बिठोडियर शक्तिसिंह ने चयनित प्रतिभाओं को सफल होकर समाज व परिवार का नाम रोशन करने का आव्हान किया। मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष हनुमानसिंह खाँगटा ने कोष की स्थापना से जरूरतमन्दों को एक मंच उपलब्ध हुआ। शिक्षा नेक से इस कार्यक्रम को और गति मिलेगी। समाजसेवी करणसिंह उचियारडा ने कहा कि आज के जमाने में तलवार की जगह कलम चलानें की आवश्यकता है इसलिए शिक्षा के बल से ही समाजोत्थान सम्भव है।

# परशुराम महादेव पैदल यात्रा 28 को

**जोधपुर**, (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा 28 जुलाई को जोधपुर से रवाना होगी। व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आज शंकरलाल कच्छवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि बैठक में यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 27 वर्षों से यह पैदल यात्रा निकाली जा रही है। हर वर्ष की भांति जोधपुर से लेकर परशुराम महादेव मंदिर तक की यात्रा का शुभारंभ श्रावण वदी सातम, शनिवार, 27 जुलाई को होगा। शोभा यात्रा 27 जुलाई, शनिवार को सायं 6.00 बजे शिव मन्दिर, बनावता का बेरा, चैनपुरा से संघ के अध्यक्ष शंकर लाल कच्छवाहा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा। विभिन्न मांगों से होते हुए लाल सागर स्थित हनुमानजी के मन्दिर पर पहुंचेगी। यहां रात्रि को भक्ति संगीत संध्या में राजस्थान के तीन दर्जन से अधिक कलाकार शिरकत करेंगे। रविवार को प्रातः 4.00 बजे लाल सागर से पैदल यात्रा आगे प्रस्थान करेगी। बैठक में शंकर लाल कछवाह, प्रमोद कुमार सांखला, जयसिंह कछवाह, शिव सिंह कछवाह, पवन सॉखला, सुरेन्द्र सिंह चौहान, दिनेश सोलंकी, रजत कछवाह, हरिनंदन कछवाह, गोपाल भाटी, रमेश बाहेती, जयदीप कछवाह बबलू प्रजापति,मुकुल पंवार, अनुराग सॉखला आदि मौजूद थे।

# पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

**पाली**, (नि.सं.)। राजेन्द्र नगर स्थित शिवनंदी गौशाला में शिक्षा विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षाधिकारी चन्द्रप्रकाश जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राहुल राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप कर्मचंदानी, समाजसेवी पप्पू शर्मा, गौशाला अध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में हुआ।

पौधारोपण अभियान में चंद्रप्रकाश जायसवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी अमूल्य धरोहर हैं जिनको सहेजना हमारा प्रथम कर्तव्य है। आज जो वृक्ष दिखाई दे रहे हैं लगाने वाले भले ही न रहे हों परन्तु उनकी याद आज ये वृक्ष दिला रहे हैं। इसलिए हमें भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश देना चाहिए।

साहित्यकार पवन पाण्डेय ने वृक्षों की महिमा पर प्रकाश डाला तो प्रवीण त्रिवेदी भांवरी ने प्रेरणा गीत गाकर पौधारोपण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गजेन्द्र दवे, सोहन भाटी, स्कूल संघ परिवार अध्यक्ष रामसिंह गोहिल, प्रदीप दवे, शक्तिसिंह भाटी, भगाराम गुर्जर, तेजसिंह पंवार, जितेन्द्र सोलंकी, रमाकांत मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, श्रीराम विश्नोई, अशोक सिंह, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

